हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 जनवरी 2025, समय 1305 (05 मिनट)

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक बालिका के सम्मान, उन्हें आगे बढ़ने और पढ़ने के समान अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय **उज्ज्वल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण** रखा गया है। बालिकाओं की शिक्षा, उनके अधिकार और उन्हें विकास के सभी अवसर **उपलब्ध** कराने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान** की शुरूआत की थी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई है।

****

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने 100 दिन के कार्यकाल में जनहित उल्लेखनीय काम किया है। केन्द्रीय मंत्री कल करनाल के कमेटी चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की

प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। विपक्ष द्वारा दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा – उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में काम का आकलन जनता ही करती है और जिस पार्टी के काम से संतुष्ट होती है उसी की सरकार बनाती है।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल हरियाणा सिविल सचिवालय में **'स्वच्छ हरियाणा मिशन'** के अंतर्गत 31 जनवरी तक चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का जायजा लिया।उनके साथ मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उहोने कहा कि हम सभी की, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने आस-पास के स्थल को भी साफ सुथरा बनाये रखने की जिम्मेदारी है।

****

हरियाणा के हिसार में आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस सेवा योजना के तहत बस चलाने की शुरुआत हो रही है। हिसार रोडवेज महाप्रबंधक मंगल सेन ने बताया - उन्होंने बताया कि दोनों रूटों पर सफल प्रायोगिक परीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमिता,कानून व खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

****

चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम (सी.टी.यू.) बस सेवा ने महाकुंभ के लिए चंडीगढ़ से प्रयागराज तक बस सेवा शुरू की है। बस को कल चंडीगढ़ प्रशासन के परिवहन और वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा ने प्रशासन के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में

चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित बस अड्डे से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सेवा 26 फरवरी तक जारी रहेगी। श्री लाकड़ा ने कहा कि चंडीगढ़ शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह बस सेवा शुरू की गई है। बस का रूट चंडीगढ़ से दिल्ली, सिकंदराबाद और कानपुर होते हुए प्रयागराज तक होगा।

****

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध स्कूलों में विद्यालयी स्तर पर ली जाने वाली कक्षा 9वीं तथा 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 17 फरवरी से आरम्भ होंगी। इन परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दिया गया है।

****